# तोप

Question 1.
गौरैया तोप में घुसकर क्या बताती है?
(a) एक न एक दिन अहंकार चूर होता ही है
(b) कोई कितना भी शक्तिशाली हो उसका अंत होता ही है
(c) शक्ति के अहंकार में चूर नहीं होना चाहिए
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं ।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं ।
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 2.
इस तोप का प्रयोग कब हुआ होगा ?
(a) सन् 1942 में
(b) सन् 1947 में
(c) सन् 1857 में
(d) सन् 1757 में

▼ Answer

Answer: (c) सन् 1857 में।

---

Question 3.
यह तोप किन पर हुए जुल्मों की दास्तान कहती है ?
(a) भारतीयों पर
(b) मजदूरों पर
(c) सैनिकों पर
(d) विदेशियों पर

▼ Answer

Answer: (a) भारतीयों पर।

---

Question 4.
'धज्जियाँ उड़ाना' मुहावरे का अर्थ है
(a) नष्ट करना
(b) तोड़-फोड़ मचाना
(c) बुरी तरह परास्त करना
(d) अंग-भंग कर देना

▼ Answer

Answer: (c) बुरी तरह परास्त करना।

---

JSC COACHING CENTRE

Question 5.
तोप के अंदर कौन घुस जाते हैं ?
(a) बच्चे
(b) चिड़ियाँ
(c) पेड़ के पत्ते
(d) धूल-मिट्टी

▼ Answer

Answer: (b) चिड़ियाँ।

---

Question 6.
तोप कहाँ रखी गई है ?
(a) कंपनी बाग के मुहाने पर
(b) युद्ध के मोर्चे पर
(c) रक्षा मंत्रालय के द्वार पर
(d) शहर के मुख्य मार्ग पर

▼ Answer

Answer: (a) कंपनी बाग के मुहाने पर।

---

Question 7.
तोप की सम्हाल कैसे होती है ?
(a) बड़ी बहादुरी से
(b) विरासत में मिले कंपनी वाग की तरह
(c) बेशकीमती चीज की तरह
(d) अपनी प्रिय वस्तु की तरह

▼ Answer

Answer: (b) विरासत में मिले कंपनी बाग की तरह।

---

Question 8.
सैलानियों से तोप क्या कहती है?
(a) मुझसे दूर रहना
(b) मैं बड़ी घातक और शक्तिशाली हूँ
(c) मैं फौलाद से बनी हूँ
(d) मुझसे शक्तिशाली कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) मैं बड़ी घातक और शक्तिशाली हूँ।

---

Question 9.
अब यह तोप किस काम आती है ?
(a) युद्ध लड़ने के
(b) शक्ति प्रदर्शन के

ISC COACHING CENTRE

(c) छोटे लड़कों की घुड़सवारी के
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) छोटे लड़कों की घुड़सवारी के।

---

Question 10.
तोप के ऊपर बैठकर गपशप कौन करते हैं ?
(a) चिड़ियाँ
(b) बच्चे
(c) पार्क में आए सैलानी
(d) विद्यालय के छात्र

▼ Answer

Answer: (a) चिड़ियाँ।

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रखी गई है यह *1857* की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।
सुबह-शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत से सैलानी
उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी जबर
उड़ा दिए थे मैंने
अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने जमाने में

Question 1.
'धर रखी गई है' का क्या अर्थ है?
(a) स्थापित की गई है
(b) धरोहर के रूप में रखी गई है
(c) डराने के लिए रखी गई है
(d) अंग्रेजों की ताकत का अहसास कराने के लिए रखी गई है

▼ Answer

Answer: (b) धरोहर के रूप में रखी गई है
अंग्रेजों से मिली धरोहर के रूप में रखी गई है।

---

Question 2.
यह तोप किस युद्ध में काम आई थी ?
(a) प्रथम विश्वयुद्ध में

ISC COACHING CENTRE

(b) द्वितीय विश्वयुद्ध में
(c) भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में
(d) प्लासी के युद्ध में

▼ Answer

Answer: (c) भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में
1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में।

---

Question 3.
तोप साल में कब-कब चमकाई जाती है ?
(a) साल के शुरू में
(b) अप्रैल माह में
(c) 2 अक्टूबर को
(d) स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर

▼ Answer

Answer: (d) स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर।

---

Question 4.
सैलानियों को तोप अपने बारे में क्या बताती है ?
(a) कि मैं बहुत शक्तिशाली हूँ
(b) कि मैं फौलाद की बनी हूँ
(c) मैंने अच्छे-अच्छे सूरमाओं की धज्जियाँ उड़ा दी थीं
(d) 'a' और 'b' कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) 'a' और 'b' कथन सत्य हैं।

---

Question 5.
अंग्रेजों ने कंपनी बाग किसलिए बनवाए थे ?
(a) भारतीयों के घूमने के लिए
(b) अपने घूमने के लिए
(c) शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए
(d) अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए

▼ Answer

Answer: (b) अपने घूमने के लिए।

---

(2)

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप

ISC COACHING CENTRE

कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरेयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

Question 1.
कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप आजकल किस काम आती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- छोटे बच्चों के खेलने के
- गौरैयें आदि के द्वारा बैठकर गपशप करने के।

---

Question 2.
कितनी भी बड़ी हो तोप से कवि का क्या आशय है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो
- शक्ति के बल पर किसी को अधिक देर तक दबाया नहीं जा सकता।

---

Question 3.
कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप को देखकर हम क्या प्रेरणा ले सकते हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- हमें अपने देश की रक्षा करनी है
- हमें कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे हमारी आजादी खतरे में पड़े
- हमें ईस्ट इंडिया जैसी कंपनियों से सावधान रहना है।

---

Question 4.
'बहरहाल' शब्द का प्रयोग कवि ने क्यों किया है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- तोप के शक्तिहीन होने के बारे में बताने के लिए
- तोप अब केवल प्रदर्शन की वस्तु है
- पक्षियों का तोप पर बैठना तोप की शक्ति का मानो उपहास उड़ाना है।

ISC COACHING CENTRE

Question 5.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-
कवि : वीरेन डंगवाल।
कविता : तोप।

बोधात्मक प्रश्न

Question 1.
कंपनी बाग के बारे में आप क्या जानते हो ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- अंग्रेजों के द्वारा विभिन्न नगरों में बनाए गए बाग कंपनी बाग कहलाते हैं
- अंग्रेजों ने ये बाग अपने घूमने के लिए बनवाए थे
- आज भी विभिन्न नगरों में ये बाग हैं जहाँ लोग घूमने जाते हैं।

Question 2.
चिड़ियों का तोप में घुसना क्या दर्शाता है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- शक्ति के बल पर विजय स्थायी नहीं होती
- वक्त के साथ-साथ बड़े से बड़ा सूरमा भी तोप की तरह ठंडा हो जाता है।

Question 3.
'बहरहाल' शब्द का प्रयोग कवि ने क्या बताने के लिए किया है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- जो तोप पहले दमन का साधन थी, वह आज शांत है वह मात्र प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गई।

Question 4.
'तोप' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता

ISC COACHING CENTRE

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- अंग्रेजों ने चालाकी से हमारा शासक बनकर हम पर जुल्म किए
- एक दिन ऐसा आया कि उन्हें यह देश छोड़कर जाना पड़ा
- ताकत के दम पर अधिक समय तक किसी को नहीं दबाया जा सकता
- शोषक का अंत निश्चित है।

---

Question 5.
'वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप। एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद' इन पंक्तियों का भाव लिखिए

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- शक्ति के बल पर किसी को दबाया नहीं जा सकता
- शोषक का अंत निश्चित है
- जनता के जागने पर उसे दबाया नहीं जा सकता।

---

ISC COACHING CENTRE